**Best Start Kindergarten Assessment**
**Information for parents and carers**

# सर्वोत्तम आरम्भ किन्डरगार्टन मूल्यांकन
## माता-पिता व देखभालकर्ता के लिए जानकारी

प्रिय माता-पिता व देखभालकर्ता

सर्वोत्तम आरम्भ किन्डरगार्टन मूल्यांकन हमारे स्कूल में  सत्र 1 में किया जाएगा।

सर्वोत्तम आरम्भ किन्डरगार्टन मूल्यांकन पूरे राज्य में किए जाने वाला मूल्यांकन है जो किन्डरगार्टन के आरम्भ के समय अध्यापकों को हर विद्यार्थी की साक्षरता व अंकज्ञान की दक्षताओं को पहचानने में मदद करता है। इससे अध्यापकों को हर विद्यार्थी की सीखने की ज़रूरतों के अनुसार पाठ तैयार करने में मदद मिलती है।

बच्चे विविध प्रकार के अनुभवों, दक्षताओं व प्रतिभाओं के साथ स्कूल आना आरम्भ करते हैं। कुछ किताबों से परिचित होते हैं, अक्षरों को पहचानते हैं, यहाँ तक की अपना नाम भी लिख सकते हैं या दस तक गिन सकते हैं जबकि अन्य बच्चों ने अभी ये सब कुशलताएँ नहीं सीखी हैं।

सर्वोत्तम आरम्भ किन्डरगार्टन अध्यापकों को मौका देता है कि वे हर बच्चे के साथ अलग-अलग बैठ कर जान सकें कि यह बच्चा क्या कर सकता है।

यह मूल्यांकन कोई परीक्षा नहीं है पर अध्यापकों को उपयोगी जानकारी प्रदान करता है जिससे वे स्कूल में आपके बच्चे की पढ़ाई में सहायता कर सकें । यदि आप चाहते हैं कि आपका बच्चा इस मूल्यांकन  में भाग न ले तो कृपया स्कूल से संपर्क करें।

साथ में दिया गया जानकारी-पत्र सर्वोत्तम आरम्भ किन्डरगार्टन मूल्यांकन के बारे में और अधिक जानकारी प्रदान करता है।

यदि आपको सर्वोत्तम आरम्भ किन्डरगार्टन मूल्यांकन के बारे में कुछ भी पूछना हो तो कृपया स्कूल से संपर्क करें।

## टेलीफ़ोन दुभाषिया सेवा

यदि आपको स्कूल से संपर्क करने के लिए  दुभाषिए की मदद चाहिए  तो कृपया टेलीफ़ोन दुभाषिया सेवा को 131 450 पर फ़ोन करें, उनको बताएँ की आप को कौनसी भाषा में दुभाषिया चाहिए। दुभाषिया स्कूल से संपर्क करेगा व बातचीत में आपकी सहायता के लिए लाइन पर ही रहेगा ।  इस सेवा के लिए आपको कोई खर्चा नहीं देना होगा।

प्रिन्सिपल